दिन–गुरूवार दिनांक– 26 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दोहराया – देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का आज हुआ समापन। यात्रा के अंतिम दिन पटना और नालंदा जिले में विभिन्न विकास योजनाओं की दी सौगात।

03. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा – राज्य में पंचायत चुनाव नये आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही होंगे।

04. और, पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ कल प्रदेश में मनाया जाएगा रामनवमी का त्योहार। सुरक्षा के किये गए व्यापक प्रबंध। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई।

---

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दोहराया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सभी विक्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन है और देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। मंत्रालय ने नागरिकों से जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं से गुमराह न होने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत को आज दुनिया भर के इकतालीस से अधिक आपूर्तिकर्ताओं से कच्चा तेल प्राप्त हो रहा है। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक भारतीय रिफाइनरी सौ प्रतिशत से अधिक क्षमता पर चल रही है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रमुखों के साथ पश्चिम एशिया की ताजा स्थिति को लेकर चर्चा करेंगे। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से होगी। आधिकारिक न्यूज एजेंसी ने बताया है कि कल शाम साढ़े छह बजे होने वाली इस बैठक में चुनाव आचार संहिता के कारण जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, वहां के मुख्यमंत्री शामिल नहीं होंगे।

---

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। श्री रिजिजू ने कहा कि भारत ऊर्जा संसाधनों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है और अपने ऊर्जा संकट से निपटने के लिए प्रबंध कर रहा है। श्री रिजिजू ने बताया कि भारतीय जहाज होर्मुज जल डमरू मध्य से सुरक्षित रूप से गुजर रहे हैं। यह भारत की मजबूत कूटनीतिक पहुंच और वैश्विक स्थिति को दर्शाता है।

———साउंड बाइट———

हमारे कुछ जहाज होर्मुज पार कर चुके हैं और कुछ करने वाले हैं। यह भारत की स्थिति को दर्शाता है। भारत कुछ चुनिंदा देशों में शामिल है, जो सभी पक्षों से बात कर सकता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीका के राष्ट्रपति ट्रम्प, इस्राएल के प्रधानमंत्री, ईरान के राष्ट्रपति और खाड़ी देशों के प्रमुखों से बात की है। भारत चुनौतियों के बावजूद बहुत ही बेहतर स्थिति में है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि घरेलू गैस की समस्या इस समय एक वैश्विक समस्या है। उन्होंने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारा देश भी इससे प्रभावित है। श्री कुशवाहा ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में सभी राजनीतिक दल एक साथ आकर राष्ट्र के हित में खड़े होते हैं।

———साउंड बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य के सुदुर क्षेत्रों से राजधानी पटना छह घंटे में पहुंचने का लक्ष्य वर्ष दो हजार सोलह में ही पूरा कर लिया गया। अब इसे घटाकर पांच घंटे किया जा रहा है। श्री कुमार ने नालंदा जिले के बिहार शरीफ में जनसंवाद करते हुए कहा कि राज्य में प्रेम, भाईचारा और शांति का वातावरण है।

———साउंड बाइट———

मुख्यमंत्री ने जिले में आठ सौ दस करोड़ रूपये की लागत वाली दो सौ सोलह योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया। वहीं, श्री कुमार ने पटना जिले में एक हजार छप्पन करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पटना के बापू सभागार में जनसंवाद करते हुए कहा कि जातीय जनगणना के आंकड़ों के आधार पर पीछे रहे गए समूहों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

———साउंड बाइट———

इस दौरान श्री कुमार ने विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा का आज समापन हो गया।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बिहार प्रगति पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। समृद्धि यात्रा के पांचवे चरण के समाप्ति के अवसर पर पटना के बापू सभागार में सभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सुशासन और विकास के सोंच के साथ प्रदेश का मान बढ़ाया है।

–––साउंड बाइट–––

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यों से बिहारवासियों को विकास के उत्सव का मौका दिया है। श्री नवीन ने पटना में समृद्धि यात्रा के दौरान जनसंवाद को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य को निराशा की दौर से बाहर निकालकर विश्वास के साथ विकास से जोड़ दिया है।

–––साउंड बाइट–––

---

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य में पंचायत चुनाव नये आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही कराये जायेंगे। कैमूर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि आरक्षण रोस्टर को अपडेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य शुरू हो जाने के कारण परिसिमन की प्रक्रिया अभी नहीं होगी।

–––साउंड बाइट–––

---

सूचना और प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि प्रदेश में स्टार्टअप इको सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए बड़े और ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सुश्री सिंह आज पटना के बिहटा स्थित आईआईटी इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

–––साउंड बाइट–––

---

चैत नवरात्र के आठवें दिन आज मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूरे विधि–विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ पटनदेवी सहित प्रदेश के सभी मातृ शक्ति मंदिरों पर भक्तों की सुबह से ही लंबी कतार लगी रही। कई पूजा पंडालों में आज कन्या पूजन का भी आयोजन किया गया।

---

रामनवमी का त्योहार कल प्रदेशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा झांकी निकाली जाएगी। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर का पट दर्शन के लिए आज रात दो बजे से खोल दिये जायेंगे। इधर, रामनवमी को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि सुरक्षा बलों की पैंतालीस अतिरिक्त कम्पनियों की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि सभी प्रमुख मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी गयी है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के अवसर पर शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान राम का जीवन हमें समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते कहा कि त्याग, तपस्या और संयम से परिपूर्ण मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन हर परिस्थिति का पूर्ण शक्ति से सामना करने की प्रेरणा देता है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भी प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि भगवान श्रीराम के असीम कृपा से सबके जीवन में सौहार्द, मर्यादा और संस्कार के फूल खिलें, यही कामना करते हैं।

---

पश्चिमी विक्षोभ के एक बार फिर सक्रिय होने के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम में बदलाव आया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ भागों में तेज रफ्तार के साथ हवा चलने से

तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका, भागालुपर समेत राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर वज्रपात के साथ आंधी–बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है।

---

कटिहार के सांसद तारिक अनवर ने पिछले दिनों ओलावृष्टि से सीमांचल क्षेत्र के किसानों को हुई फसल क्षति के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर मुआवजे की मांग की है। श्री अनवर ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि प्रभावित किसानों को फसल क्षति मुआवजा का भुगतान तत्काल किया जाए। उन्होंने फसल बीमा दावों की प्रक्रिया को सरल बनाने और ऋण वसूली पर रोक लगाने की भी मांग की है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज प्रदेशभर में एनीमिया से ग्रसित महिलाओं के उपचार के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की। श्री पांडेय ने पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से फेरिस कार्बोक्सी माल्टोस इंजेक्शन थेरपी अभियान का शुभारंभ किया। इसके तहत जहानाबाद, अरवल समेत विभिन्न जिलों एनीमिया प्रभावित गर्ववती महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन दिया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दोहराया – देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में।
02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का आज हुआ समापन। यात्रा के अंतिम दिन पटना और नालंदा जिले में विभिन्न विकास योजनाओं की दी सौगात।
03. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा – राज्य में पंचायत चुनाव नये आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही होंगे।
04. और, पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ कल प्रदेश में मनाया जाएगा रामनवमी का त्योहार। सुरक्षा के किये गए व्यापक प्रबंध। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।